जनता कॉलेज बकेवर में नवाचार के अंतर्गत किया गया गोबर से निर्मित दीपकों का प्रदर्शन |

	बकेवर, 10 नवंबर | दीपोत्सव पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर जनता कॉलेज बकेवर में शिक्षा में नवाचार के अंतर्गत गोबर से निर्मित दीपकों का प्रदर्शन प्राचार्य डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी के संरक्षण में किया गया , उन्होंने बताया कि नई शिक्षा नीति में नवाचार पर विशेष बल दिया जा रहा है , छात्र और स्वयं सहायता समूह परस्पर सहयोग से नवाचार की दिशा में पूर्ण जागरूकता के साथ सक्रिय हैं | शैलेंद्र कुमार मूर्तिकार के प्रयासों से प्राकृतिक तरीके से गोबर से निर्मित दीपकों को प्रदर्शित किया गया | मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. अशोक कुमार पांडेय ,डॉ नलिनी शुक्ला ,डॉ. प्रकाश दुबे , डॉ. ज्योति भदोरिया , डॉ. इंदु वाला मिश्रा ,डॉ. नवीन अवस्थी , डॉ योगेश शुक्ला , कुलदीप अवस्थी, रामदास वर्मा ,अरविंद चौधरी आदि की उपस्थिति रही |